E-Mail / Fax

आदेश

पुलिस उप–महानिरीक्षक, आर्थिक अपराध इकाई की अनुशंसा एवं पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में गठित जिला अनुकंपा समिति, किशनगंज की अनुशंसा उपरान्त बिहार पुलिस मुख्यालय की दिनांक–10.09.2024 की स्क्रीनिंग समिति की बैठक में की गयी। अनुशंसा के आलोक में निम्नांकित आवेदकों/आवेदिकाओं को बिहार पुलिस लिपिकीय संवर्ग में उनके नाम के सामने अंकित कार्यालयों में निम्नवर्गीय लिपिक के पद पर पी0 बी0–1, वेतनमान 5200–20200, ग्रेड पे–1900 (पुनरीक्षित पे लेवल–2) में अनुमान्य जीवन यापन भत्ता एवं अन्य देय भत्तों के साथ अनुकंपा के आधार पर अस्थायी रूप से नियुक्त किया जाता है।

2. यह नियुक्ति नयी अंशदायी पेंशन योजना–2005 के अधीन होगा।
3. संबंधित अभ्यर्थी नियुक्ति पत्र प्राप्ति के एक माह के अंदर उन्हे आवंटित कार्यालय में योगदान समर्पित करना सुनिश्चित करेंगे।
4. पदभार ग्रहण के लिए इन्हे किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।
5. योगदान के समय अभ्यर्थी द्वारा असैनिक शल्प चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा निर्गत स्वास्थ प्रमाण–पत्र (मूल में), दहेज नहीं लेने एंव नहीं देने संबंधी घोषणा–पत्र, आधार–कार्ड प्रति एंव दो फोटो समर्पित किया जायेगा। अभ्यर्थी द्वारा कार्यपालक दंडाधिकारी द्वारा निर्गत, इस आशय का शपथ–पत्र भी समर्पित किया जाएगा कि उनके द्वारा दिये गये सभी प्रमाण–पत्र सत्य है और यदि भविष्य में यह असत्य पाया जाता है तो उनकी नियुक्ति रद्द कर दी जायेगी तथा नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी, जो उन्हे मान्य होगा।
6. नियुक्त कर्मी पर मृतक के आश्रित परिवार के भरण–पोषण का पूर्णतः उत्तरदायित्व होगा। इसमें किसी प्रकार की अवहेलना होती है तो नियुक्ति पदाधिकारी द्वारा कारण–पृच्छा प्राप्त कर उनकी सेवा समाप्त की जा सकेगी। येगदान के समय अभ्यर्थी द्वारा इस आशय का घोषणा–पत्र विहित–प्रपत्र में जमा किया जाना आवश्यक होगा।

उपरोक्त कंडिका–1 से 6 में पुलिस महानिदेशक, बिहार, पटना का अनुमोदन प्राप्त है।

क्र0 सं0	नियुक्ति कर्मी का नाम/कोटि	पिता/पति का नाम	जन्म तिथि	शैक्षिणीक योग्यता	पता	गृह जिला	आवंटित कार्यालय
1	2	3	4	5	6	7	8
1	अभिषेक गुंजन/ पिछड़ा वर्ग	स्व0 दिलीप कुमार राम	22.06.1991	स्नातकोत्तर	ग्राम–सलेमपुर, पो0–मिर्जाचौकी, थाना–पिरपैंती, जिला–भागलपुर	भागलपुर	बेगुसराय
2	अमृता कुमारी/ अनारक्षित	स्व0 विशाल कुमार	01.12.1989	बी0एस0सी0, बी0एड0 एवं डी0सी0ए0	शंकर नगर बरमसीया, एफ0सी0आई0 गोदाम के पीछे, पो0–धनबाद, जिला–धनबाद	धनबाद, (झारखण्ड)	गोपालगंज

पुलिस महानिदेशक, बिहार के आदेशानुसार,

सहायक पुलिस महानिरीक्षक (कल्याण),
बिहार, पटना।

पत्र संख्याः–कल्याण–01–01–50–2024 / 465

बिहार पुलिस मुख्यालय

(कार्मिक एवं कल्याण प्रभाग)

पटना, दिनांक :– 29/11/2024

प्रतिलिपिः–

1. **अपर पुलिस महानिदेशक (मुख्यालय)**, बिहार, पटना को कृपया सूचनार्थ एवं आवश्यक क्रियार्थ प्रेषित।
2. **पुलिस उप–महानिरीक्षक (कार्मिक)**, बिहार, पटना को कृपया सूचनार्थ एवं आवश्यक क्रियार्थ प्रेषित।
3. **पुलिस उप–महानिरीक्षक** (आर्थिक अपराध इकाई), बिहार, पटना को कृपया सूचनार्थ एवं आवश्यक क्रियार्थ प्रेषित। अनुरोध है कि आपके क्षेत्राधिकार से संबंधित आवेदकों / आवेदिकाओं का आपके कार्यालय में रक्षित सभी मूल अथवा अन्य कागजात उन्हें आवंटित कार्यालय को अविलम्ब भेज दिया जाय।
4. **पुलिस अधीक्षक**, किशनगंज को कृपया सूचनार्थ एवं आवश्यक क्रियार्थ प्रेषित।
   – अनुरोध है कि आपके क्षेत्राधिकार से संबंधित आवेदकों / आवेदिकाओं का आपके कार्यालय में रक्षित सभी मूल अथवा अन्य कागजात उन्हें आवंटित कार्यालय को अविलम्ब भेज दिया जाय।
5. **पुलिस अधीक्षक**, बेगुसराय, गोपालगंज को कृपया सूचनार्थ एवं आवश्यक क्रियार्थ प्रेषित।

   – नियुक्ति अभ्यर्थियों के सभी कागजात मूल में आपके कार्यालय को भेजा जा रहा है।
6. कोषागार पदाधिकारी, बेगुसराय / गोपालगंज को कृपया सूचनार्थ एवं आवश्यक क्रियार्थ प्रेषित।
7. प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा पी0–01 को सूचनार्थ प्रेषित।
8. सभी संबंधित नियुक्त अभ्यर्थियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक क्रियार्थ।
9. आई0टी0 मैनेजर, पुलिस मुख्यालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक क्रियार्थ प्रेषित।

सहायक पुलिस महानिरीक्षक (कल्याण),

बिहार, पटना